



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 260 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 06 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया


# कांजी हाउस खाली, सड़कों पर मवेशी

## शहर को नहीं मिल पा रही आवारा पशुओं से राहत

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। शहर को मवेशियों की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका ने 08 साल पहले 30 लाख रुपये खर्च कर अलावदाखेड़ी मार्ग पर कांजी हाउस तैयार किया था। सड़क पर बड़ी संख्यां में घुमते मवेशियो के बाद भी कांजी हाऊस हमेशा खाली ही रहता है। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए हर बार मुहिम भी चली पर नगर पालिका का अभियान कभी भी पांच दिन से ज्यादा नहीं चल सका है। सिर्फ कागजों पर ही नपा के दावे दम तोड़ गए।**



शहर में सड़को पर स्वच्छंद विचरण करते मवेशियों की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। स्टेशन रोड, नेहरु बस स्टैंड, महाराणा प्रताप बस स्टैंड, गांधी चौराहा, गोल चौराहा, नयापुरा रोड़, रामटेकरी तिराहा सहित शहर के सभी प्रमुख मार्गो पर पशु विचरण कर रहे हैं। इससे वाहन चालकों को परेशानी तो हो ही रही है। कई बार दुर्घटनाओ का कारण भी यह मवेशी बनते है। कांजी हाउस तैयार होने के बाद आवारा पशुओं की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद लगाई जा रही थी। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। कांजी हाउस में सभी व्यवस्था होने के बाद भी पशु रोड पर नजर आ रहे हैं। कई बार मवेशियों ने हमला कर लोगों को घायल कर दिया। इतना ही नहीं दुकानदारों का भी नुकसान करते हैं। नपा द्वारा समय-समय पर सड़को पर विचरण करते मवेशियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने का ढिंढोरा पीटा जाता है। लेकिन, समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ।

### नगर के इन क्षेत्रों में अधिक समस्या...

नगर के खानपुरा मुख्य मार्ग से लेकर सदर बाजार, नयापुरा रोड, घंटाघर, सम्राट मार्केट, गांधी चौराहा, बस स्टैंड, अस्पताल रोड, सब्जी मंडी, गोल चौराहा, बीपीएल चौराहा, नयापुरा रोड़ सहित अन्य प्रमुख मार्गो पर हर समय मवेशियों का जमघट लगा रहता है। मवेशियों के झुंड सड़क को घेरकर बैठते है। लेकिन, नपा का ध्यान नहीं जा रहा है।

### दो लाख का बजट...

फिलहाल 125 मवेशियों की क्षमता वाले कांजी हाउस का उपयोग पुरी तरह से इसके निर्माण के उद्देश्य के अनुरूप नहीं किया जा रहा। इसके लिए दो लाख रुपये का बजट भी रखा गया है। जो कथित रूप से मवेशियों के लिए चारे और पानी के लिए खर्च किया जा रहा है। इसके अलावा यहां चौकीदारों की नियुक्ति भी की गई है। साथ ही एक राजस्व निरीक्षक को इसकी जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। यह बात अलग है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण 30 लाख रुपये खर्च करने के बाद भी शहर की सड़को पर आवारा पशु विचरण कर रहे हैं।

### हादसे को आमंत्रण...

आवारा पशुओंकेकारण हमेशा हादसे की संभावना बनी रहती है। सड़क पर बीच में घूमने या बैठे रहने के कारण यह आए दिन दुपहिया वाहनों से टकराते रहते हैं। जिसकेकारण लोग गिरकर घायल हो जाते हैं। शहर में प्रतापगढ़ पुलिया, सदर बाजार, किला रोड, नयापुरा रोड, गोल चौराहा आदि क्षेत्रों में सड़के बहुत ही संकरी हैं, जिसके कारण यहां हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। कभी कभी तो लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है।

## बैलों की लड़ाई, फाइनेंस एजेंट को मारी टक्कर

**गरोठ, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर के शामगढ़ नाका पर शुक्रवार रात अन्नपूर्णा फाइनेंस के एजेंट धर्मेंद्र पाटीदार कोटा से मंदसौर जा रहे थे। इसी दौरान वे दो आवारा बैलों की चपेट में आ गए। वह हेलमेट पहने थे, इससे उन्हें गंभीर चोट नहीं लगी। स्थानीय लोगों ने घायल धर्मेंद्र को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने तुरंत उनका इलाज शुरू किया।

धर्मेंद्र ने बताया कि उन्हें पता ही नहीं चला कि दुर्घटना कैसे हुई। एक प्रत्यक्षदर्शी संजय मांदलिया ने बताया कि शामगढ़ नाका पर बड़ी संख्या में पशु रहते हैं। दुर्घटना के समय दो बैल आपस में लड़ रहे थे। टक्कर के बाद बाइक सवार के सिर से खून बह रहा था। हेलमेट पहने होने के कारण उनकी जान बच गई। इस इलाके में आवारा पशुओं से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। छोटी-मोटी दुर्घटनाओं में लोग अस्पताल नहीं जाते। जिम्मेदार अधिकारियों से मांग है कि पशुओं को निर्धारित स्थान पर भेजा जाए, ताकि ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### खुले में छोड़ देते हैं पशु...

मिली जानकारी के अनुसार जब तक गाय भैंस दूध देती है, उसका दूध निकालते हैं और उसके बाद पशुपालक इन्हें खुला छोड़ देते हैं। इसके बाद जब वह फिर से दूध देने की स्थिति में आती है तो उसे फिर से पकड़ लेते हैं। कुछ लोग तो सुबह-शाम दूध निकालने के बाद जानवरों को खुला छोड़ देते हैं।




## चातुर्मास आज से : अब मांगलिक कार्यो पर रोक

### चार माह नहीं होंगे शुभ कार्य

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सनातन धर्म की मान्यता के अनुसार आषाढ शुक्ल एकादशी से चातुर्मास की शुरुआत होती है, जो इस वर्ष आज रविवार से हो रही है। इस बार चातुर्मास का आरंभ विशाखा नक्षत्र और साध्य योग में होगा, जो इसे विशेष आध्यात्मिक महत्व प्रदान करता है। चातुर्मास के आरंभ के साथ ही विवाह, यज्ञोपवित (जनेऊ), मुंडन, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्यों पर चार महीने का विराम लग जाएगा।

ज्योतिषाचार्यो के मुताबिक चातुर्मास का अर्थ है चार महीने। पंचांग की गणना के अनुसार आषाढ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि यानी देवशयनी से चातुर्मास का आरंभ हो जाता है। जो देव उठनी अर्थात देवोत्थान एकादशी तक चलता है। चातुर्मास के आरंभ होने से धर्म, ज्ञान, भक्ति, सत्संग, तीर्थाटन शुरू हो जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि चातुर्मास का व्रत संकल्प करने से ईष्ट की कृपा और ज्ञात व अज्ञात दोषों की निवृत्ति तथा भाग्योन्नति होती है। मान्यता है कि इस अवधि में भगवान श्रीहरि विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि का संचालन अन्य देव शक्तियों के माध्यम से होता है। अत: इस समय को तप, व्रत, साधना और आत्मशुद्धि का काल माना गया है।

इस बार चातुर्मास का आरंभ जिस साध्य योग में हो रहा है, वह धार्मिक अनुशासन, साधना और संयम के लिए अत्यंत अनुकूल माना गया है। वहीं विशाखा नक्षत्र, जिसे शक्ति और विकास का प्रतीक माना जाता है, यह संकेत देता है कि यह चातुर्मास आत्मिक प्रगति के लिए श्रेष्ठ रहेगा।

### यह क्रियाकलाप नहीं होंगे चातुर्मास में...

सनातन धर्म की परंपरानुसार चातुर्मास में विवाह, यज्ञोपवित, मुंडन, गृह प्रवेश आदि सामाजिक और पारिवारिक शुभ कार्यों को स्थगित कर दिया जाता है। इसके पीछे उद्देश्य यह होता है कि मनुष्य इस अवधि में अधिक से अधिक धार्मिक क्रियाकलापों, साधना, व्रत, दान-पुण्य, स्वाध्याय आदि में रत रहे। शास्त्रों में यह भी उल्लेख मिलता है कि इस समय यात्रा करना भी वर्जित होता है, विशेषकर संन्यासियों और साधु-संतों के लिए।

### संतो सहित गृहस्थो के लिए विशेष समय...

चातुर्मास का समय संतों के स्थायी निवास (विहार) का काल होता है। अनेक संत और महात्मा चार महीनों तक एक ही स्थान पर रहकर प्रवचन, सत्संग, ध्यान और अनुयायियों को दीक्षा देते हैं। वहीं गृहस्थ धर्म का पालन करने वालों के लिए यह काल संयम, सादा भोजन, नियमित पूजा और सात्विक जीवनशैली को अपनाने का अवसर होता है। तुला राशि के चंद्रमा की साक्षी में चातुर्मास का आरंभ विशेष लाभप्रद रहेगा। एक मान्यता के अनुसार गुरु पूर्णिमा वाले दिन से भी चातुर्मास के आरंभ की मान्यता बताई जाती है।





# गोपाल कृष्ण गौशाला में मर रही गाये..!

**विहिप, बजरंगदल ने की संचालको पर कड़ी कार्यवाही की मांग, नई आबादी पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज**

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। श्री गोपाल कृष्ण गौशाला के नवलखा बीड मे शुक्रवार को गौमाता के कटे हुए सिर मिलने की जानकारी मिली। जिसके बाद विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्त्ता मौके पर पहुंचे। जहां गाय का सर और कुछ अवशेष पड़े हुए मिले। जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का अवलोकन किया। मामले की गंभीरता देख एडीएम श्रीमती एकता जायसवाल व नगर पालिका की प्रभारी सीएमओ भी मौके पर पहुंची। उन्होंने भी घटनास्थल का का निरीक्षण किया। नवलखा बीड और गौशाला में गायो की स्थित देखकर वे भी दुखी हुए। बाद में वहां से गौमाता के अवशेष उठाकर गौशाला लेकर आये।**

बताया गया हैं कि नवलखा बीड स्थित गोपाल कृष्ण गौशाला में गौमाता की स्थिति बड़ी ख़राब है। गौशाला की गाय दोपहर में चरने के लिए आसपास के क्षेत्र में जाती है, गौमाता झुण्ड में जाती है और इनकी संख्या कितनी होती है उसकी कोई जानकारी नहीं होती है। कुछ गाय गौशाला में बने शेड के अंदर मरणासन अवस्था में थी और कुछ मर चुकी थी। शेड के अंदर का निरिक्षण एडीएम श्रीमती जायसवाल व पुलिसकर्मियों ने भी किया। जहां व्यवस्था बड़ी ख़राब है। पशु चिकित्सक मनीष इंगोले ने बताया की पशुओं को ठीक से खानपान नहीं मिलता। जिसके कारण भी पशुओ की स्थिति ख़राब हो जाती है। वही एडीएम श्रीमती जायसवाल ने गौशाला का रिकार्ड जप्त कर नई आबादी थाने पर कार्यवाही के लिए भिजवाया है। इधर स्थानीय नागरिकों ने बताया है की ज़ब शाम को गाय का झुंड चरकर आता है तो कुछ गाय इधर उधर साइड में घुस जाती है। आसपास के कुछ गांव के लोग उन्हें पकड़ कर गौ कशी के लिए ले जाते है। यह खेल कुछ लोग काफ़ी समय से कर रहे है। बता दे कि हर बार त्यौहारो के समय में ऐसी हरकत सामने आती है। जिससे प्रतीत होता हैं कि कुछ लोग शहर की फिजा ख़राब करने के लिए ऐसा कार्य करतें है। प्रशासन को मामले पर सख़्ती से कार्यवाही करनी चाहिए।

### गौशाला अध्यक्ष पर प्रकरण दर्ज...


मामले में नई आबादी थाना पुलिस ने गौशाला अध्यक्ष के विरुद्ध बीएनएस की धारा 325 एवं मध्यप्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4,9 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की हैं।

# करणी सेना ने किया एसपी कार्यालय का घेराव

**✻ एफआईआर वापिस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन-नारेबाजी, ✻ पुलिस और करणी सैनिकों के बीच झूमाझपटी ✻ अध्यक्ष पर भावगढ़ थाने में हुई थी कार्रवाई, एक मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार, नई आबादी थाने में रखा, आज करेंगे न्यायालय में पेश**

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओ ने अपने अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर पर हुई एफआईआर के विरोध में प्रदर्शन करते हुए एसपी कार्यालय का घेराव किया। मंदसौर जिले के अलावा अन्य जगहों से भी करणी सेना के लोग मंदसौर पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थक जमकर नारेबाजी कर रहे थे। एफआईआर वापस लेने और पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग को लेकर जीवन सिंह अपने समर्थकों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस और समर्थकों के बीच झूमाझटकी हो गई। इसके बाद हालात को काबू करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का उपयोग किया। इधर इस पूरे प्रदर्शन के दौरान एमआईटी चौराहा सहित अन्य राजमार्ग व मंदसौर प्रवेश के मार्गो पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिससे स्कूल बसो सहित अन्य





राहगिरों को खासा परेशान होना पड़ा। इधर करणी सेना के लोग एसपी कार्यालय से हटने को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि पुलिसकर्मियों को निलंबित कर एफआईआर वापिस ली जाए। अन्यथा नहीं हटेंगे। काफी समय तक हंगामा, नारेबाजी और प्रदर्शन चलता रहा।

### यह है जीवनसिंह पर आरोप...

मंदसौर में करणी सेना परिवार संगठन के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर पर आरोप लगा था कि उनके साथियों ने शराब ठेके पर पहुंचकर ठेका कर्मचारियों से एक लाख रुपए महीना देने की फिरौती मांगी। मना करने पर मारपीट की गई और जातिसूचक गालियां दी गई। मामला एससी-एसटी एक्ट, फिरौती और मारपीट की धाराओं में दर्ज हुआ। घटना 26 जून को भावगढ़ थाना क्षेत्र के बेहपुर गांव की है। उसी दिन एफआईआर भी दर्ज हुई थी। लेकिन, इस पूरे मामले का वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर सामने आया था। इधर एक अन्य मामले में न्यायालय ने जीवन सिंह की गिरफ्तारी हेतु वारंट जारी किया था।

### एसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन...

एफआईआर के विरोध में प्रदेशभर से करणी सेना परिवार के सदस्य और जीवन सिंह शेरपुर के समर्थको ने विरोध प्रदर्शन किया। शनिवार को वह अपने समर्थकों के साथ मंदसौर एसपी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सैकड़ों पुलिसकर्मी मौके पर तैनात रहे। मंदसौर शहर की सीमाओं पर पुलिस बल तैनात किया गया था। इससे पहले उनके समर्थकों ने एसपी कार्यालय के बाहर बैठकर विरोध में जमकर नारेबाजी की। यहां जीवनसिंह शेरपुर ने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने लाउड स्पीकर लगाकर पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी कि जब तक एफआईआर नहीं हटाई जाएगी और केस दर्ज करने वाले पुलिसकर्मियों को निलंबित नहीं किया जाएगा, तब तक वह समर्थकों के साथ वहां से नही हटेंगे। वह कार्यालय के सामने ही अपने समर्थकों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए। इसके बाद एसपी अभिषेक आनंद कार्यालय पहुंचे। पुलिस ने करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और समर्थकों से कहा कि कानून का पालन करना हमारी जवाबदारी है। कोर्ट ने आपके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिसके चलते हमें आपकी गिरफ्तारी करनी होगी। इसके बाद पुलिस और समर्थकों के बीच झूमाझटकी शुरू हो गई।

### पीड़ित बोले- हमें धमकी दी गई, जाति सूचक शब्द कहे...

पीड़ित शराब ठेका कर्मचारी ऋतिक ने बताया कि 26 जून को वह और उसके साथी ऑफिस में थे। तभी पुष्पेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह और नागेंद्र सिंह पहुंचे। उन्होंने कहा कि हर महीने एक लाख रुपए दोगे, तभी ठेका चलेगा। मना करने पर मारपीट की गई और कहा कि हम जीवनसिंह शेरपुर के आदमी हैं। मारपीट में कर्मचारी पुष्कर को गंभीर चोट आई है, जो अस्पताल में भर्ती है। आरोपियों ने गाली-गलौज में जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया।

### सात लोगों पर एफआईआर...

एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि मामले में 07 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। इसमें जीवनसिंह शेरपुर, पुष्पेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, नागेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, सचिन और देवी सिंह शामिल है। फिलहाल सभी आरोपी फरार है। शेरपुर के खिलाफ मंदसौर, रतलाम और नीमच जिलों में पहले से 12 केस दर्ज हैं। वहीं, मंदसौर कोर्ट ने भावगढ के एक अन्य प्रकरण में जीवनसिंह शेरपुर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया हुआ है।

### शेरपुर बोले- राजनीतिक साजिश...

इस संबंध में जीवन सिंह शेरपुर का पक्ष जानना चाहा तो उनका कहना था कि प्रशासन जानबूझकर अपराधी बनाना चाह रहा है। पुलिस उन पर झूठे मुकदमे दायर कर रही है। वह आरोपियों को जानते जरूर हैं। लेकिन उनका आरोपी पक्ष से कोई लेना-देना नहीं है।

### मीडिया कर्मी से की बदसलूकी...

एसपी कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान मीडिया कर्मी अपना फर्ज निभाते हुए प्रदर्शन का कवरेज कर रहे थे। इसी दौरान करणी सेना के कुछ लोगों द्वारा मीडिया कर्मी विपिन चौहान के साथ बदसलूकी की गई। बिना कारण उनके साथ झूमाझपटी की गई। यहां तक कि उन्हें टैंकर के ऊपर से धक्का देकर नीचे गिराने का प्रयास किया गया। इस घटना को लेकर मीडिया कर्मियों में खासा आक्रोश है। इस मामले में एसपी अभिषेक आनंद से मीडिया कर्मियों ने शिकायत की है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### शेरपुर को किया गिरफ्तार, आज करेंगे न्यायालय में पेश...

जीवनसिंह शेरपुर के खिलाफ मंदसौर, रतलाम और नीमच जिलों में पहले से 12 प्रकरण दर्ज हैं। भावगढ थाने के एक अपराधिक मामले में भी जीवनसिंह शेरपुर को पुलिस तलाश कर रही थी। वहीं इस मामले में मंदसौर कोर्ट ने जीवनसिंह शेरपुर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया था। आखिरकार इस मामले में जीवनसिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें फिलहाल नई आबादी थाने में रखा गया हैं। आज रविवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया जायेगा।

**नए कानूनों का एक साल...**

# निजी फोन में जुटाने पड़ रहे सबूत, एफएसएल रिपोर्ट तक ऑनलाइन नहीं?

## न पुलिस को टेबलेट मिले, न एजेंसियों के सॉफ्टवेयर आपस में लिंक हुए

**भोपाल, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बीएनएस अर्थात भारतीय न्याय संहिता को लागू हुए एक साल से ज्यादा समय हो गया। लेकिन, सालभर बाद भी क्राइम सीन से साक्ष्य जुटाने से लेकर उन्हें डिजिटली फॉरवर्ड करने तक कुछ भी अमल में नहीं आ सका। बीते साल 01 जुलाई 2024 को देशभर में तीन नए कानून लागू किए गए थे। इनमें विवेचना व ट्रायल के अलग-अलग स्तर पर तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी, पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण, पीडित और साक्षी के कथन, तलाशी आदि के वक्त ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एकत्रित किए जाने को जरूरी बनाया गया है। लेकिन, एक साल बाद भी न तो पुलिस तकनीकी रूप से इतनी दक्ष हो पाई है कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटा पाए, न ही केस से संबंधित अफसरों और एजेंसियों को दस्तावेज डिजिटली फॉरवर्ड हो पा रहे हैं। दरअसल, इसके लिए सबसे पहले पुलिस, न्यायालय और जैल के सॉफ्टवेयर्स को लिंक किया जाना है, जिसमें सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है।

### एविडेंस : उपकरण नहीं मिले, पर साक्ष्य तो जुटाने ही हैं...

अब तक पुलिस अफसरों को साक्ष्य इकट्ठा करने के लिए जरूरी मोबाइल या टेबलेट नहीं मिले हैं। मजबूरन उन्हें निजी मोबाइल में रिकॉर्डिंग करनी पड़ रही है। इन साक्ष्यों की विश्वसनीयता पर कोर्ट में सवाल भी उठ सकता है। बहुत से विवेचकों और फॉरेंसिक विशेषज्ञों को इस तरह की फोटोग्राफी की ट्रेनिंग ही नहीं दी गई है। नतीजतन बेहद नौसिखिया तरीके से घटनास्थल, जब्ती और गिरफ्तारी के बयानों की रिकॉर्डिंग हो रही है। आशंका है कि जिरह के दौरान ये कमजोर कड़ी न बन जाएं।

### एफएसएल : डिजिटली फॉरवर्ड नहीं हो रही रिपोर्ट...

एफएसएल रिपोर्ट पुलिस अधीक्षकों, विवेचकों और कोर्ट को सीधे डिजिटल रूप में फॉरवर्ड नहीं हो पा रही है। न ही पुलिस से एफएसएल को भेजे जाने वाले जांच रिक्विजिशन(अनुरोध), क्वेरी दस्तावेज सीधे सीसीटीएनएस पर अपलोड होकर एफएसएल को जा पा रहे हैं। पुलिस की ओर से घायलों या शव को मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाते समय भेजा जाने वाला रिक्विजिशन भी डिजिटली संबंधित चिकित्सक को नहीं जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का संबंधित मेडलैब रिपोर्ट सॉफ्टवेयर अभी तक तैयार नहीं है।

### अभियोजन: सॉफ्टवेयर में कोई यूटिलिटी नहीं...

अभियोजन की हालत तो और ज्यादा खराब है। इनके सॉफ्टवेयर में ऐसी कोई यूटिलिटी नहीं है, जो अभियोजन अफसरों को उनके रोज के काम में मदद देती हो। तमाम पुलिस अफसरों का कहना है कि अभी तक नए कानून के प्रावधान के अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को व्यवस्थित रूप में किसी सॉफ्टवेयर में अपलोड करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है।

### केस डायरी : सॉफ्टवेयर में अपलोड नहीं हो रही फाइल...

रिमांड और जमानत पर सुनवाई के वक्त केस डायरी सीमलेस तरीके से न्यायालयों तक पहुंचाने की सॉफ्टवेयर में पुख्ता व्यवस्था नहीं है। ऐसे ही विधिक अधिकारियों से कानूनी परामर्श लेने के लिए उन्हें केस डायरी सॉफ्टवेयर पर उपलब्ध नहीं हो रही है। इसलिए केस डायरी को पहले सॉफ्टवेयर से डाउनलोड कर हार्डकॉपी तैयार करनी पड़ती है, फिर उसे स्कैन करके अभियोजन के सॉफ्टवेयर में अपलोड करना पड़ता है। फाइल साइज इतना छोटा है कि अक्सर पूरी डायरी अपलोड ही नहीं हो पाती।

### आरोपी-पीड़ित पक्ष : मेल के बजाय पेन ड्राइव में डेटा...

चालान और अन्य जरूरी दस्तावेजों को आरोपियों और पीड़ित पक्ष को डिजिटल माध्यम से ई-मेल पर देने की बजाय अब भी पेन ड्राइव में दिया जा रहा है। इससे वक्त और खर्च ज्यादा लग रहा है। कई बार पेन ड्राइव न्यायालय में साक्ष्य के दौरान डेटा दिखा ही नहीं पाई है। नेटवर्क स्पीड भी बहुत स्लो है।

### समाधान : पुलिस को आगे आकर पहल करनी होगी...

केंद्र और राज्य सरकार को नए कानूनों के साथ लागू तकनीकी व्यवस्था को मिशन मोड में शुरू करने की जरूरत है। ताकि अगले दो साल में कम से कम पुलिस, एफएसएल, मेडिकोलीगल संस्थान, स्वास्थ्य विभाग और अभियोजन के सभी सॉफ्टवेयर्स को सीसीटीएनएस प्लेटफॉर्म से एकीकृत किया जा सके। इसके लिए पुलिस को ही आगे आना होगा। क्योंकि, जनता की नजर में जिम्मेदारी पुलिस की ही मानी जाती है।

# पीएम एक्सीलेंस कालेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन, भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 5 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के श्री कुशाभाऊ प्रेक्षागृह में सत्र 2025-26 में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री राजेश जी दीक्षित (जिला अध्यक्ष, भाजपा मंदसौर), कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में माननीय श्री यशपाल सिंह जी सिसौदिया (प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा) एवं विशेष अतिथि माननीया श्रीमती रमादेवी जी गुर्जर (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मंदसौर), माननीय श्री प्रकाश जी परमार (विभाग संगठन मंत्री, अ.भा.वि.प., मंदसौर), माननीय श्री शिवराज सिंह जी राणा (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा) एवं माननीय श्री नरेश जी चंदवानी (अध्यक्ष, महाविद्यालय स्थानीय प्रबंधन समिति) उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्यों के रूप में माननीय श्री क्षितिज जी पुरोहित, माननीय श्री अशोक जी झलोया, माननीय श्री रॉकी जी यादव, माननीया श्रीमती शारदा रजवानिया जी, माननीय श्री दिनेश जी जाट, एवं माननीय डा. आशीष जी खिमेसरा मंचासीन रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप-दीपन के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह के प्रथम सत्र में माननीय श्री नरेश जी चंदवानी ने महाविद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति की ओर से समस्त अतिथियों का स्वागत किया एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए माननीय श्री राजेश जी दीक्षित ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने एक-एक पल का सदुपयोग कर ज्ञानार्जन एवं कौशल विकास हेतु तत्पर रहना चाहिए जिससे वे समाज एवं देश के हितार्थ कार्य करने में सक्षम बन सके। आपने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता, गुरु एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव रखने एवं उनका मान रखने का आह्वान किया।

श्री प्रकाश जी परमार ने सभागार को संबोधित करते हुए कहा कि हमें शिक्षा के साथ ही संस्कार एवं सामाजिक परंपराओं का भी सम्मान करना चाहिए। शिक्षा केवल उपाधि लेने तक सीमित नहीं अपितु इसका कार्य क्षेत्र बहुत ही विस्तृत है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह अपने गुरुजनों को देखकर भी उनके गुणों को अंगीकृत करने का प्रयास करें। माननीया श्रीमती रमादेवी जी गुर्जर ने समस्त विद्यार्थियों का नवीन सत्र में स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। माननीय श्री यशपाल सिंह जी सिसोदिया ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में किए गए ज्ञानार्जन के फलस्वरूप ही जीवन की दिशा एवं दशा निर्धारित होती है इसलिए विद्यार्थी के रूप में इस समय का महत्व समझना चाहिए। आपने कहा कि हमें जीवन पर्यंत एक विद्यार्थी के रूप में अपने ज्ञानचक्षु खुले रखना चाहिए ताकि हम समाज कल्याण हेतु बेहतर तरीके से कार्य कर सके। आपने इस बात को रेखांकित किया कि महाविद्यालय के संसाधनों का पूर्ण सदुपयोग विद्यार्थियों के हितार्थ किया जाना चाहिए। आपने राष्ट्रभाषा हिंदी के महत्व को बढ़ाने के उद्देश्य से शासन स्तर से लिए जा रहे निर्णयों को महत्वपूर्ण और स्वागत योग्य बताया। दीक्षारंभ समारोह के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महाविद्यालय में संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों, संसाधनों, सुविधाओं, एवं मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चल रही समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। डॉ. आर.सी. डाड ने आई.क्यू.ए.सी. गतिविधियों के बारे में एवं डॉ. गौरव पाटीदार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। विभाग द्वारा प्रारंभ किए गए एईडीपी कोर्स से संबंधित जानकारी डॉ. डी.सी. गुप्ता द्वारा, कैरियर मार्गदर्शन एवं युवा संसाधन प्रकोष्ठ की जानकारी डॉ. वीणा सिंह द्वारा, युवा उत्सव से सम्बंधित जानकारी डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ द्वारा, एवं महाविद्यालय में चल रही समस्त छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी डॉ. राजेश सकवार द्वारा प्रदान की गई। इसी प्रकार, डॉ. मेघा सिंह ने ग्रंथालय एवं हिंदी ग्रंथ अकादमी विषयक, डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ से संबंधित, डॉ. आर.के. व्यास ने इग्नू, भोज, माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय, ग्रामोदय, मेडिकल, सीए एवं पीएससी आदि परीक्षाओं की जानकारियां विस्तार पूर्वक प्रदान की। खेल अधिकारी श्री राजू कुमार ने महाविद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं एवं उपलब्धियां को रेखांकित किया। महाविद्यालय के एन.सी.सी. ऑफिसर श्री योगेश पटेल ने एन.सी.सी. से संबंधित एवं डॉ. अनिल कुमार आर्य ने एन.एस.एस. से संबंधित प्रवेश प्रक्रिया, गतिविधियों एवं उपलब्धियों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। दीक्षारंभ समारोह के उद्घाटन सत्र का सफल संचालन डॉ. वीणा सिंह ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. गौरव पाटीदार द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। समस्त गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को उत्कृष्ट बताते हुए संतोष व्यक्त किया। सम्पूर्ण समारोह के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. उषा अग्रवाल ने किया।

# जगदीश मंदिर में छप्पन भोग का आयोजन 08 को

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान जगन्नाथ बलभद्र सुभद्रा के 500 साल प्राचीन मंदिर में पहली बार नगर के धर्म एवं सेवाभावी व्यक्ति आगे आकर इस मंदिर के अंदर दिव्य कार्यों की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में 8 जुलाई को दोपहर 3 बजे से 56 भोग का आयोजन के साथ ही भगवान जगन्नाथ बलभद्र सुभद्रा के फोटो युक्त 10 हजार कार्डों का वितरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। 13 हजार लागत की वाद्य यंत्र मंदिर की घंटी नंदलाल परमार प्रेम द्वारा भेंट की गई है। इसकी शुरुआत भी इस 56 भोग आयोजन से की जाएगी।

इस कार्यक्रम को भव्य रूप को देने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने आज मंदिर पहुंचकर जायजा लिया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए प्रभारी समाजसेवी अनिल गुप्ता, एडवोकेट सत्येंद्रसिंह सोम एवं मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल पंचारिया, योगेश गुप्ता, जयंत भावसार, श्रीमती मकवाना ने भी उपस्थित रहकर पूरे मंदिर के अंदर जिन-जिन व्यवस्थाओं की कमी थी उसको पूरा करने का संकल्प लिया है। मंदिर को लेकर बहुत जल्दी बड़ी समिति बनाई जाएगी। 45 भोग कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, नगरपालिका उपाध्यक्ष नम्रता चावला, रेडक्रॉस सोसायटी के पूर्व चेयरमेन प्रीतेश चावला, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, समाजसेवी रविंद्र पांडे, विनोद मेहता, सुभाष गुप्ता, विनय दुबेला, मंदिर में सहयोग करने वाले मांगीलाल राठी दलोदा वाले, रोहित, महेश शर्मा, संजीव त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी शिरकत करेंगे। आज नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने मंदिर में वाद्य यंत्र का पूजन किया व कार्डों का पूजन करते हुए वितरण का कार्य भी प्रारंभ किया गया और इस अवसर पर कहा मंदिर के चारों ओर विशेष सफाई की जाएगी। पूरे मंदिर को सुरक्षा व्यवस्था देने के लिए पूरी योजना बनाकर प्रतिवर्ष यात्रा भी निकालने के साथ रास्ते का मार्ग भी सही बनाया जाएगा। समाजसेवी अनिल गुप्ता ने कहा कि यह मंदिर अति प्राचीन होने के साथ सिद्ध मंदिर है इसलिए नगर की जनता को इस समाचार के माध्यम से आमंत्रण दिया गया है कि बड़ी संख्या में 8 जुलाई, मंगलवार को दोपहर 3 बजे पहुंच कर संध्या 5 बजे तक मंदिर में छप्पन भोग के साथ आरती का आनंद लें। विशेष सहयोगी सत्येंद्रसिंह सोम ने कहा कि यह मंदसौर का सौभाग्य है भगवान जगन्नाथ बलभद्र सुभद्रा का मंदसौर में चमत्कारिक मंदिर है। हम प्रतिवर्ष उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर यहां यात्रा भी निकाली जाएगी।इसके लिए धर्म सेवी संगठन आगे आए हैं, सभी की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस कार्यक्रम के साथ ही लगातार कार्यक्रम की योजना बनाई जा रही है। दूसरे चरण में सुंदरकांड, ब्रह्म भोज का आयोजन में रखा गया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दशपुर जागृति संगठन के जयंत भावसार द्वारा दी गई।

# नपा वृहद स्तर पर पौधरोपण करेगी



**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कल नगर पालिका उद्यान शाखा के द्वारा आगामी समय में किए जाने वाले पौध रोपण की तैयारी को लेकर बैठक की बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला सीएमओ श्री अनीता चौकोटिया नगर पालिका सभापति रमेश ग्वाला पार्षद गण भारती पाटीदार कमलेश सिसोदिया गोवर्धन कुमावत बब्बन युसूफ गौरी नगर पालिका सिटी मिशन के अजय शर्मा उद्यान शाखा लिपिक राजेंद्र नीमा सुपरवाइजर विक्रम सिंह गायरी भी उपस्थित थे बैठक में निर्णय लिया गया कि दिनांक 6 जुलाई 2025 से नगर पालिका पौधरोपण अभियान प्रारंभ करेगी प्रथम दिवस रविवार को किटियानी व रेवास देवड़ा रोड पर पौधरोपण होगा बैठक में अन्य स्थानों पर भी पौधारोपण पर चर्चा हुई।



# मंदसौर यूनिवर्सिटी बी फार्मा के छात्रों ने भोपाल में इंटर्नशिप सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग, बी फार्मा (अंतिम वर्ष) के छात्रों ने भोपाल में आयोजित इंटर्नशिप सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

मध्यप्रदेश काउंसलिंग ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला द्वारा भोपाल में आयोजित इंटर्नशिप यह प्रशिक्षण शीर्षक ' Hand on Training on Spectroscopy Method (AAS,UV & FTIR ) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंदसौर यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग, बीफार्मा (अंतिम वर्ष) के तीस छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मुख्य रूप से पेयजल गुणवत्ता की विधियों साथ ही उपकरणों यूवी स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, एटॉमिक अब्यॉशन स्पेक्ट्रोस्कोपी तथा एफटीआईआर पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को उपकरण की कार्यशैली, उपयोगिता एवं नवाचार से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत छात्र एवं छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए म.प्र. राज्य लघु वनोपज, बाखेड़ा पठानी, भोपाल ले जाया गया। प्रशिक्षण के अंत में परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कटरी द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए फार्मेसी के क्षेत्र में नए आयाम की चर्चा की गई एवं प्रतिभागियों को निरंतर आधुनिक तकनीकी से अवगत होते रहने की सलाह दी एवं प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर परिषद के कार्यकारी संचालक डॉ. विवेक कटारे, गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला के प्रभारी एवं प्रयोगशाला का अमला उपस्थित रहा।

# औद्योगिक क्षैत्रों और औद्योगिक इकाई परिसर में जनसहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम, 2500 पौधे रोपे

**नीमच, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा नीमच जिले में पौधारोपण महाभियान के तहत जिले के औद्योगिक क्षेत्र नीमच, सांडिया (मनासा), रामपुरा तथा मोरका एवं जिले में विकसित होने वाले राज्य क्लस्टर केसरपुरा, सगराना, दारू, दुधवा, में शुक्रवार को औद्योगिक क्षैत्र नीमच के ग्रीन बेल्ट तथा कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र परिसर में पौधारोपण उद्योग संघ नीमच एवं एमएस सोलवेक्स द्वारा किया गया । जिले में स्थादपित अन्यय औद्योगिक क्षेत्र मनासा, रामपुरा, विकसित राज्य क्लस्टर केसरपुरा, सगराना तथा राज्य क्लस्ट्र दारू औद्योगिक इकाईयां- अल्ट्राटेक सीमेंट खोर, अडानी विलमार भाटखेड़ा, धानुका ग्रुप नीमच, एमएस सोलवेक्सा जमुनियाखुर्द, ग्रीन-को प्रा.लि., टाटा सोलर पावर के परिसरों में उनके प्रतिनिधियों द्वारा पौधारोपण किया गया।औद्योगिक क्षेत्र मोरका में एमएसएमई विभाग द्वारा लघु उद्योग निगम के माध्यम से पौधारोपण कराया गया।इस अभियान के तहत कुल 2500



पोधे रोपित किए गये है । पौधारोपण महाप्रबंधक श्रीमती योगिता भटनागर, प्रबंधक श्रीमती चंचल अग्रवाल, श्री अनुराग मिश्रा, तथा उद्योग संघ नीमच से श्री अनिश नागौरी, सचिव, उद्योग संघ नीमच, श्री संजय अजमेरा, श्री राकेश एरन, श्री संदीप वधवा, श्री जीत किलेवाला, श्री सचिन गर्ग, श्री सचिन लसोड़ औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# फसल की सुरक्षा के लिये खेत पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा। तार-फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है। इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेढ़ लाख रूपये किसान वहन करेगा।

## निर्भय भवन रामद्वारा में मनेगा गुरू पूर्णिमा पर्व

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा पर्व रामटेकरी स्थित निर्भय भवन रामद्वारा पर मनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय संत स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के आशीर्वाद



दर्शन पूजन सहित श्रद्धालुजन आरती में भाग लेंगे। ज्योतिषज्ञ एवं रामद्वारा निर्भय भवन की संचालिका दीदी लाड़कुंवरजी ने बताया कि गुरूपूर्णिमा पर्व पर गुरूवार 10 जुलाई को प्रात: 8 बजे पूजन, भजन, सत्संग के साथ 4 बजे आरती होगी। धर्मधाम गीता भवन परिवार के पदाधिकारी पं. अशोक त्रिपाठी, जगदीश चौधरी, बंशीलाल टांक, विनोद चौबे, शेषनारायण माली सहित गीता भवन महिला सत्संग मण्डल ने श्रद्धालुजनों से धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

## सभी मजदूर कर्मचारी संगठनों की बैठक दशपुर कुंज में आज

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू के जिला महासचिव बालू सिंह एवं जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मोड़ ने बताया कि 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल सम्बन्ध में एक बैठक का आयोजन आज 5 जुलाई रविवार को दोप. 12 बजे स्थानीय दशपुर कुंज में रखी गई है। आपने बताया कि 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल सम्बन्ध में मंदसौर जिले के आउटसोर्स, ठेका, संविदा, दैनिक वेतन भोगी, सफाई कर्मचारी, विनियमित, अंशकालिक कर्मचारी, आंगनवाड़ी, मध्यान भोजन कर्मी, आशा कर्मी, औद्योगिक मजदूर सहित बैंक, बीमा, बीएसएनल, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, आयकर एवं राज्य कर्मचारी के संगठनों की एक मीटिंग स्थानीय दशपुर कुंज में रखी गई है। सभी संगठन के सदस्यों एवं नेतृत्वकारी साथियों से अपील है कि 9 जुलाई 2025 की होने वाली राष्ट्रवादी हड़ताल को कामयाब बनाने के लिए मीटिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक 16 को

**नीमच, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला विकास समन्व(य एवं निगरानी समिति(दिशा) की बैठक 16 जुलाई 2025 को प्रात: 10 बजे कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष नीमच में सांसद श्री सुधीर गुप्ता) की अध्यनक्षता में आयोजित की जा रही है बैठक में जिले के सभीविभागों द्वारा संचालित योजनाओं कार्यक्रमों और गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की जावेगी।जिला पंचायत सीईओं श्री अमन वैष्णव ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को आवश्यजक विभागीय जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। साथ ही समिति के सभी सदस्यों से भी बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया गया है।

# डिप्टी चीफ वार्डन सिविल डिफेंस मंदसौर के पद पर मिला सम्मान

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मनोचिकित्सक डॉ हिमांशु यजुर्वेदी जिला चिकित्सालय मंदसौर में पदस्थ रहते जिले में रक्तदाता समूह की यूनिट तैयार करते हुए रक्त शिविर का आयोजन करवाना एवं सर्पदंश को लेकर भ्रम की जो स्थितियां थी उनके लिए एनसीसी, एनएसएस एवं महाविद्यालय में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाकर अनेक लोगों में जागरूकता का प्रचार किया हुआ है। जिसके चलते पूर्व में भी डॉक्टर हिमांशु यजुर्वेदी राज्य आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल से आपदा प्रबंधन एवं हेल्थ मैनेजमेंट में राज्य स्तर पर मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 से सिविल डिफेंस के कार्य में सहयोग प्रदान करते हुए प्राकृतिक



और मानवीय आपदा की स्थिति में नागरिकों की जान माल की सुरक्षा एवं विषम परिस्थितियों में सेना, पुलिस, होमगार्ड एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में प्राप्त निर्देश अनुसार अपने वर्तमान कार्य को करते हुए यह कार्य संपादित करेंगे। डॉ हिमांशु यजुर्वेदी पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर 20 पुरस्कार प्राप्त कर चुके है। 05 जुलाई 2025 को भोपाल में होमगार्ड मुख्यालय पर जिला पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनीष कुमार अग्रवाल द्वारा डॉक्टर हिमांशु यजुर्वेदी को डिप्टी चीफ वार्डन सिविल डिफेंस मंदसौर के रूप में प्रशिक्षण उपरांत नागरिक सुरक्षा प्रबंधन से प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय हैं कि सिविल डिफेंस विभाग, भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है।



# स्व. मांगीलाल मारू के हुए नेत्रदान

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री मांगीलाल मारू के निधन के उपरांत उनके परिजनों ने सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल पेश करते हुए लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से नेत्रदान कराया। लायंस क्लब को नवीन सत्र का यह दूसरा नेत्रदान प्राप्त हुआ। डॉ. किशोर शर्मा एवं डॉ. विक्रांत भावसार द्वारा नेत्र उत्सर्जन किया।

## जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि आगामी वर्षाकाल एवं बाढ को दृष्टिगत रखते हुए अतिवृष्टिएवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह कक्ष सुशासन भवन नवीन कलेक्टोरेट, कार्यालय कक्ष क्रमांक 118 मंदसौर में बनाया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 07422- 235113 है, कार्यालय में यह 24 घण्टे चालु रहेगा। कक्ष के प्रभारी अधीक्षक भू अभिलेख श्री लालचंद शेरपुरियारहेंगे।

## पशुपालक कामधेनु योजना का लाभ उठावें

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप सचांलक द्वारा बताया गया कि सभी वर्ग के किसान पशुपालक डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई की स्थापना बैंक ऋण की सुविधा के साथ शासकीय अनुदान से कर सकते है। आवेदक की पात्रता हितग्राही मध्यप्रदेश राज्य का निवासी होना चाहिए। योजना सभी वर्ग के पशुपालकों के लिए है। हितग्राही को ऑनलाईन पोर्टल www.mpdah.gov.in के माध्यम से आवेदन करना होगा।

# राजस्व अधिकारियों की बैठक 10 को

**नीमच, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमाशु चंद्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष नीमच मे जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक 10 जुलाई को प्रात: 10.30 बजे से आयोजित की जा रही है।संयुक्त कलेक्टर डॉ. ममता खेड़े ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित एजेन्डे अनुसार जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

# गांधीसागर जल विद्युत गृह के लिए सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की भर्ती

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया की मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी, गांधीसागर, तहसील भानपुरा, जिला मंदसौर (म.प्र.) में सुरक्षा हेतु डीजीआररेट पर सशस्त्रा सुरक्षा कर्मियों (गनमेन) सुरक्षा कर्मियों की आवश्यकता है। सशस्त्र (गनमेन) / सुरक्षा कर्मियों पद के लिए इच्छुक पूर्व सैनिक निम्नलिखित दस्तावेजो (मूल एवं तीन फोटो कॉपी) के साथ यथाशीघ्र जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मंदसौर में किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार) में उपस्थित होकर जमा कराये ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके।

सेवा निवृत्ति पुस्तिका,पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ ),जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा जारी, आधार कार्ड, भूतपूर्व सैनिक का पहचान पत्र, बैंक पासबुक, पेन कार्ड, शस्त्र लाइसेंस,नवीनताम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (तीन), नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (सेवा निवृत्ति उपरांत जिस संस्था में पहले कार्यरत थे), समग्र परिवार आई डी। सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की भर्ती के लिए शस्त्र लाईसेंस धारक पूर्व सैनिक को वरीयता दी जायेगी। सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों / की भर्ती के लिए अधिक जानकारी के लिए में किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार) में कार्यालय के फ़ोन नं. 07422-299117 पर संपर्क करे।

## अनियंत्रित ट्रक ने भेड के झुंड को रौंदा, 11 की मौत, 6 घायल

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** फोरलेन पर बोतलगंज के निकट एक ट्रक ने भेड़ के झुण्ड को रौंद दिया। सभी की मौत हो गई। वहीं 6 भेडे गंभीर घायल हो गई। जानकारी के अनुसार प्रात: 11.30 बजे करीब बोतलगंज के निकट एक अनियंत्रित ट्रक ने भेड़ों के झुण्ड को रौंद दिया। इसमें 11 भेड़ों की मौत हो गई। जबकि छह घायल हो गई। बाद पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गई। ट्रक ड्राइवर द्वारा भेड़ पालक को हुए नुकसान का हर्जाना देने के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# दशपुर रंगमंच ने अभिनेता राजकुमार को श्रद्धांजलि दी




**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच, मंदसौर द्वारा आयोजित एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रशंसकों और कलाकारों ने प्रसिद्ध अभिनेता राजकुमार को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में अभिनेता की फिल्मों से यादगार गीत प्रस्तुत किए गए और उनकी अभिनय क्षमता व संवाद शैली की चर्चा की गई।

संगीत संध्या का आबिद शाह ने प्रस्तुत की वो खुशी मिली है गाकर शुभारंभ किया। श्याम गुप्ता ने प्रसिद्ध गीत छू लेने दो नाजुक होठों को सुनाया। आरक्षक नरेंद्र सागोरे ने भावपूर्ण अंदाज़ में आजा तुझको पुकारे मेरा प्यार गाया। अभय मेहता ने किस तरह जीते हैं ये लोग बता, दो यारों प्रस्तुत किया। सिमरन बेलानी ने मधुर आवाज़ में आगे भी जाने न तू पेश किया। सतीश सोनी ने यह जुल्फ अगर खुल के बिखर जाए तो अच्छा गाया। ललिता मेहता ने ये दुनिया ये महफिल, मेरे काम की नहीं की प्रस्तुति दी। राजा सोनी ने पारंपरिक अंदाज़ में इमली का बूटा बैरी का पेड पेश किया। डॉ. नीलेश नागायच ने यूँ ही कोई मील गया था सरे राह चलते चलते शानदार आवाज़ में गाया। अनुराधा त्यागी ने चलो दिलदार, चलो चांद के पार चलो गीत के जरिए माहौल को रोमांटिक बनाया। कार्यक्रम के दौरान, अभय मेहता ने विशेष रूप से कहा कि राजकुमार न सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि उनके डायलॉग डिलीवरी ने दर्शकों को कई दशक तक मंत्रमुग्ध रखा। आपने राजकुमार की अद्वितीय कला और संवाद-कुशलता की जानकारी दी। अंत में सभी कलाकारों और दर्शकों ने मिलकर राजकुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 31 | 2151 | 2300 |
| उडद | 15 | 4250 | 5300 |
| सोयाबीन | 5513 | 3400 | 4340 |
| गैहु | 4397 | 2300 | 2801 |
| चना | 367 | 5280 | 5501 |
| मसुर | 80 | 5820 | 6508 |
| धनिया | 104 | 5501 | 6831 |
| लहसुन | 12000 | 2751 | 8600 |
| मैथी | 365 | 3905 | 5790 |
| मुंगफली | 818 | 3652 | 5152 |
| अलसी | 646 | 6840 | 7190 |
| सरसो | 242 | 6300 | 6710 |
| तारामीरा | 6 | 4840 | 4840 |
| इसबगोल | 38 | 9000 | 10500 |
| प्याज | 2352 | 300 | 1488 |
| कलोंजी | 10 | 16500 | 20151 |
| तुलसी बीज | 1 | 12700 | 12700 |
| डॉलर | 29 | 5501 | 7700 |
| तिल्ली | 230 | 6600 | 8730 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 50 | 3801 | 4000 |
| असालीया | 59 | 6341 | 6770 |
| मूंग | 1 | 7500 | 7500 |



# गैंगस्टर सलमान को हथियार देने वाले गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार, विदेश तक कनेक्शन, हो रहे खुलासे


**प्रतापगढ़, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिलेकी छोटीसादड़ी पुलिस एवं एजीटीएफ टीम की ओर से गत दिनों हथियारों का जखीरा पकड़ने के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों पर तस्करी के आरोपी सलमान को हथियार उपलब्ध कराने का आरोप है।

थाना प्रभारी प्रवीण टांक ने बताया कि 28 जून को पुलिस ने राकेश पिता कचरूलाल राठौर निवासी मालपुरा बाजार गंगधार जिला झालावाड़ को एक ऑटोमेटिक देशी पिस्टल, दो खाली मेगजीन के साथ गिरफ्तार किया था। उसकी सूचना पर सलमान पिता शेरखान निवासी नागदा मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर उससे अवैध भारी मात्रा में देशी-विदेशी हथियार व भारी मात्रा में जिन्दा कारतूस बरामद किए थे।

**इन आरोपियों को दबोचा...**

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार हथियारों की सप्लाई करने वाले अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। एजीटीएफ टीम व छोटीसादडी पुलिस टीम ने हथियारों को सप्लाई करने वाले आरोपी जितेन्द्रसिंह उर्फ जितू निवासी बिलानी थाना कंचनपुर जिला धोलपुर को धोलपुर से, कुवंरपालसिंह उर्फ किशनपालसिंह पिता द्वारिका प्रसाद लोदी राजपूत निवासी रानी अवन्ती बाई कॉलोनी थाना कोतवाली नगर एटा जिला एटा उत्तरप्रदेश तथा धीरेन्द्रसिंह पिता राधेश्याम लोदी राजपूत निवासी नगला जईया थाना एटा जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।

## आज डॉ.मुखर्जी की जन्म जयंती पर पौधारोपण कर होगा संगोष्ठी का आयोजन



**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार एंव भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जिले के समस्त मंडलो में डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती आज 6 जुलाई को वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर मनाई जायेगी। जिला भाजपा द्वारा डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित की जाने वाली संगोष्ठी मे विभिन्न वक्ता विभिन्न मंडलों में अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समस्त मंडल अध्यक्ष बंधुओं से आग्रह है कि आप सम्पन्न होने वाली संगोष्ठी एंव वृक्षारोपण कार्यक्रमों का विवरण संगठन एप्प के साथ सोशल मीडिया पर भी अपलोड करें। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।



# पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों को सायबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** डाईट कॉलेज मन्दसौर में संस्था अरुणोदय सर्वेश्वरी लोक कल्याण समिति द्वारा आईशर फाउण्डेशन के वित्तीय सहयोग से डिजिटल साक्षरता एवं डिजिटल सायबर फ्रॉड विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ में श्री दिलीप सिंह राठौर, प्राचार्य का पुष्प माला से स्वागत संस्था अरुणोदय के प्रवीण शर्मा एवं आई.एस.मन्सुरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अरुणोदय संस्था के प्रवीण शर्मा द्वारा संस्था परिचय एवं कार्यशाला विषय पर संक्षिप्त मे जानकारी प्रदान की इसके पश्चात् अतिथि श्री संदीप परमार ई दक्ष विभाग द्वारा सायबर फ्रॉड के विभिन्न आधुनिक तरीको को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत रूप में बताया एवं इससे बचाव एवं क्या सर्तकता रखनी है। इसके बारे मे बहुत ही विस्तार से उदाहरण सहित समझाया उन्होने बताया कि सायबर फाड के जाल में पढ़े लिखे लोग ज्यादा फस रहे है, इससे डरने की जरूरत नहीं है अगर एसी कोई घटना होती है तो 1930 पर कॉल कर सकते है सायबर फॉड से बचने का सबसे आसान तरिका है कि फोन के संचालन में सर्तकता रखना है अनावश्यक विडियो काल व लिंक का जवाब नही देना है। और लालच भरे मैसेज या कॉल से सर्तक रहना है। सर्तकता ही बचाव है एवं डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई कानुन नहीं होता है। ऐसा कोई भी अधिकारी नही कर सकता है, जानकारी दी गई। इसके पश्चात् मॉस्टर ट्रेनर आई. एच. मुन्सरी, वित्तीय साक्षरता एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में शिक्षको को जानकारी प्रदान की ताकि वे ग्रामीण को इस योजना के बारे बताये। कार्यशाला में सुरेन्द्र सिंह भदोरिया द्वारा वर्तमान समय में मोबाईल से होने वाली वित्तीय धोखाधड़ी की सत्य घटनाओ से प्रशिक्षणार्थीयों को बताकर जागरुक रहने को कहा। संस्था के श्री राजेश जोशी एवं भरत रमनानी द्वारा उपस्थित जनो का रजीस्ट्रेशन किया गया एवं सर्तकता किट दी गई, जिसमे साईबर जागरुकता पेम्पलेट, बजट डायरी, पेन दिये गये। डाईट कॉलेज प्रशिक्षण प्रभारी श्री आर.डी. जोशी द्वारा संस्था अरुणोदय एवं आईशर फाउण्डेशन का धन्यवाद व्यक्त किया एवं कहा कि बहुत ही महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक जानकारी संस्था द्वारा यहा कार्यक्रम में दी गई जिससे सायबर फाड से बचने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्रवीण शर्मा द्वारा उपस्थित अतिथि एवं शिक्षको को आभार व्यक्त किया गया।

# दूषित पानी से बीमार हो रहे बच्चे

## शिशु रोग विशेषज्ञो के यहां लग रही भीड़

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मौसमी बीमारियो का असर अब शिशु रोग विशेषज्ञों के अस्पतालों-दवाखानो और बड़े अस्पताल के शिशु वार्ड में दिखने लगा है। बड़ों के साथ बच्चें भी दूषित पानी और दूषित भोजन के सेवन से वायरल हेपेटाइटिस की चपेट में आ रहे हैं। हर दिन डाक्टरो के पास वायरल से पीडित बच्चे पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार वायरल हेपेटाइटिस के कारण कुछ बच्चों में कोई लक्षण नहीं दिखाई देते। जबकि, अन्य में पीलिया त्वचा और आंखों का पीला पड़ना, भूख न लगना, थकान, पेट दर्द और बुखार जैसे लक्षण हो सकते हैं। बीते एक सप्ताह में अस्पताल में इस रोग से ग्रसित बच्चों की संख्या बढ़ी है।

चिकित्सकों के अनुसार बारिश के दौरान दूषित पानी, संक्रमण, साफ-सफाई नहीं होने के कारण वायरल हेपेटाइटिस के अधिक मरीज इन दिनों अस्पताल में आ रहे है। इसके लिए प्रमुख रूप से साफ सफाई रखे, ताकि संक्रमण न फैले। साफ पानी का सेवन करें। खाने पीने का विशेष रूप से ध्यान दें, उपचार कराए और आराम करें। तीन-चार मरीजों को हर दिन भर्ती करना पड रहा है और हर दिन दूसरे आ जाते हैं। चिकित्सकों के अनुसार एक माह से वायरल हैपेटाइटिस के मरीज बढ़े है। बारिश के दिनों में दूषित पानी, संक्रमण के कारण बच्चों में मामले अधिक आ रहे हैं। गंभीर स्थिति को देखते हुए भर्ती भी किया जा रहा है। साफ-सफाई के साथ खाने पीने का विशेष ध्यान रखें, समय पर उपचार कराएं।

# नागिन के डसने से मासूम की मौत



**खजूरी आंजना, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी आंजना में शुक्रवार शाम घर में खेल रहे एक मासूम को नागिन ने डस लिया। बच्चे के चिल्लाने पर आसपास के लोगों व परिजनों ने रोते हुए बच्चे से पूछा तो मासूम मयंक ने बताया कि मेरे उंगली पर कुछ चुभ गया है, जिससे मेरा हाथ में काफी तेज दर्द हो रहा है। शंका होने पर घर में खिड़कियों के पास में खड्डे में अंदर छुप कर नागिन बैठी हुई नजर आई। जिसके बाद आसपास के पड़ोसी व परिजन घबरा गए और आनन-फानन में मयंक को मंदसौर के बड़े अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मासूम मयंक का अंतिम संस्कार किया गया।

बता दे की मयंक गांव के स्कूल में कक्षा 3 री का छात्र था और परिवार में सबसे छोटा होने की वजह से लाडला बेटा था। परिवार में सबसे छोटा होने की वजह से व लाडला भी था। जिसकी मौत से परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। घटना गांव में आग की तरफ फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम खजूरी आंजना में पहली बार 60 साल में किसी जहरीले जानवर के काटने से एक किशोर की मौत होने का यह पहला मामला सामने आया है। जिससे ग्रामीण भी काफी परेशान नजर आए। अफजलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरी आंजना में मयंक पिता मोहनलाल आंजना शाम करीब साढे सात बजे घर में खेल रहा था। तभी अचानक उसकी रोने की आवाज आई, जिससे परिजन और पड़ोसियो ने मयंक को देखा तो उसके उंगली पर काफी खून बह रहा था और देखते ही देखते बेहोश हो गया। जिसको तत्काल परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणो ने हत्यारी नागिन को भी मार डाला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# पाकिस्तान के बाद अब बांग्लादेश के साथ भी टीम इंडिया नहीं खेलेगी कोई सीरीज, बीसीसीआई ने स्थगित किए कार्यक्रम

**नईदिल्ली, 5 जुलाई।** भारत और बांग्लादेश के बीच अगस्त के महीने में आयोजित होने वाले 3 टी20 और 3 वनडे सीरीज को स्थगित कर दिया गया है। दोनों देशों के बीच खराब रिश्तों की वजह से यह फैसला लिया गया है। शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक एडवाइजरी जारी की और बताया कि दोनों देशों के बीच अब 2026 तक कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जाएगी। एडवाइजरी में लिखा है कि है भारत और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड सितंबर 2026 तक इस सीरीज को स्थगित करने पर सहमत हुआ है। इसका मतलब है कि दोनों देश अब 2026 तक सिर्फ आईसीसी और एसीसी इवेंट्स में ही एक दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत के प्रस्तावित बांग्लादेश दौरे को रद्द करने की आधिकारिक घोषणा की है। इस दौरे में 3 वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज शामिल थी, जो अगस्त 2025 में होनी थी। यह फैसला भारत सरकार से मंजूरी न मिलने और सुरक्षा चिंताओं के कारण लिया गया है। इस खबर ने क्रिकेट प्रशंसकों और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के लिए एक बडा झटका साबित हुआ है। बता दें कि इस सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली की अंतरराष्ट्री पिच पर वापसी हो सकती थी। दोनों ही खिलाड़ी टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे खेल रहे हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली आखिरी बार भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेलते हुए नजर आए थे, जहां भारत ने खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराया था। बीसीसीआई ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ‘भारत का बांग्लादेश दौरा, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल थे, को रद्द कर दिया गया है। यह निर्णय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।’ बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि इस दौरे को फिर से शेड्यूल करने की कोई योजना फिलहाल नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बांग्लादेश में हालिया राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत सरकार ने इस दौरे को मंजूरी देने से मना किया है। हाल के महीनों में बांग्लादेश में कुछ घटनाओं ने सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाया है, जिसके चलते भारतीय टीम के दौरे पर सवाल उठ रहे थे।

# सुखानंद तीर्थ पर सत्यानंद आश्रम का लोकार्पण 10 को, तैयारियां अंतिम चरण में




**नीमच, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** 05 जुलाई स्वामीजी के समस्त भक्त मण्डल, संस्थापक एवं श्री सत्यानंद आश्रम निर्माण समिति, नीमच द्वारा जिले के सुप्रसिद्ध सुखानंद तीर्थ पर सत्यानंद आश्रम का निर्माण किया गया है। इस आश्रम का लोकार्पण समारोह आगामी 9 एवं 10 जुलाई को स्वामी सत्यानंद सरस्वती (पीएचडी दर्शन शास्त्र) वृंदावन वाले के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। इस आयोजन में जिले भर में निवासरत गुरुजी के भक्तगण अच्छी खासी संख्या में सम्मिलित होंगे। आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत आयोजन के प्रथम दिन 9 जुलाई को दोपहर 3 बजे से सत्संग का आयोजन किया जाएगा, साथ ही स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती के मुखारविन्द से प्रवचन होगे। कार्यक्रम में अगले दिन 10 जुलाई को प्रात: 9 बजे से आश्रम का लोकार्पण समारोह आयोजित होगा। जिसके पश्चात् गुरूजी के भक्त एवं समाजसेवी पप्पू हलवाई, ग्वालटोली के सौजन्य से भण्डारा प्रसादी आयोजित होगी। आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि स्वामीजी गुरू पूर्णिमा से लेकर पूरे चातुर्मास में यहाँ नवनिर्मित सत्यानंद आश्रम पर विराजित रहेंगे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण आज

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कायस्थ समाज एवं नगर पालिका परिषद मंदसौर के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आज 6 जुलाई, रविवार को प्रात: 9 बजे वार्ड क्रमांक 1 में पानी की टंकी के पास स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त वाटिका में पौधरोपण किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य माताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना है।

कायस्थ समाज अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र माथुर ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष प. श्री राजेश दीक्षित, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला, समाज के वरिष्ठ सदस्य पूर्व न्याय मूर्ति श्री गिरिराज सक्सेना, भाजपा महिलामोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति निर्मला गुप्ता, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष श्री अरविंद सारस्वत, भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष श्री विनोद डगवार उपस्थित रहेंगे। कायस्थ समाज की महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रमा माथुर ने बताया कि इस अभियान अन्तर्गत समाज की 51 माताओं के नाम से पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम पश्चात् इस बगीचे की देखरेख कायस्थ समाज के सभी बंधुओ के मार्गदर्शन में की जाएगी। समाज के केशव सक्सेना, राजेन्द्र भटनागर, दीपेश श्रीवास्तव, चन्द्रशेख्शर निगम, राजनारायण भटनागर, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, नितिन गौड़, महेन्द्र भटनागर, श्रीमती रमा माथुर, लाल बहादुर श्रीवास्तव, मनीष माथुर, विक्रम भटनागर, राघव रविशराय गौड़, कुलदीप सक्सेना, आनंद श्रीवास्तव, एडवोकेट आशीष गौड़, पंकज कानूनगो, उमेश कानूनगो ने समाज के समस्त बंधुओं से अपील की है कि इस अभियान में भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## भाई को पीटा, 2 भाईयों पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अफीम की खसखस के दाने बंटवारे को लेकर दो भाईयों ने एक भाई को पीटा। मिण्डलखेड़ा निवासी ईश्वरलाल पिता देवीलाल बावरी ने पिपलिया चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि अफीम का पट्टा माताजी श्यामाबाई के नाम से है। फसल में खसखस के दाने की बंटवारा करने की बोला तो दोनों भाई विनोद व अनिल ने मिलकर मारपीट की व पावड़े से सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने दोनों भाईयों पर केस दर्ज किया।



## भगवान हाटकेश्वर महादेव का पाटोत्सव पर्व मनाया

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नागर ब्राह्मण समाज के आराध्यदेव भगवान हाटकेश्वर का पाटोत्सव पर्व भडलिया नवमी पर हाटकेश्वर मंदिर मंदसौर पर नागर ब्राह्मण समाज के समाजजनों द्वारा सपरिवार उपस्थित होकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान हाटकेश्वर का पूजन अर्चन एवं अभिषेक किया गया। अभिषेक के लाभार्थी वरिष्ठ समाजसेवी प्रभाशंकर मेहता, श्रीमती मधु मेहता, समाज अध्यक्ष बाबूलाल नागर एवं उपस्थित समाजजन रहे। भगवान के अभिषेक के पश्चात् भगवान हाटकेश्वर की महाआरती, प्रसादी वितरण एवं स्वल्पाहार किया गया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी कमलकुमार मेहता, हरिश दवे, सतीश नागर, धीरेन्द्र नागर, गोविन्दप्रसाद नागर, बालकृष्ण दवे, प्रवीण एवं श्रीमती मुक्ति मेहता, राजेन्द्र नागर, डॉ. राजेन्द्र नागर, डॉ. मोहन नागर, सुनिल मेहता, यश दवे, पं. मुकेश नागर, प्रवीण मेहता, वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती कलाबेन नागर, श्रीमती सुशीला दवे इंदौर, श्रीमती अलका नागर, श्रीमती भगवतीदेवी नागर, श्रीमती वीणा कमल मेहता, श्रीमती निर्मला नागर, श्रीमती अर्चना दवे, श्रीमती विशाखा दवे, श्रीमती कविता नागर, श्रीमती खुशबू नागर, केशव नागर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। ये जानकारी समाज सचिव सतीश नागर द्वारा दी गई।

## खनिजों का अवैध परिवहन करते पांच वाहन जप्त

**नीमच, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** खनि अधिकारी श्री गजेन्द्रदसिह डावर एवं टीम द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध नयागांव, मनासा क्षेत्र में शुक्रवार, शनिवार को कार्यवाही करते हुए खनिज रेत एवं फर्शीपत्थर के अवैध परिवहन मे संलिप्त पांच वाहनों को जप्त किया गया है। इन वाहनों को पुलिस थाना मनासा एवं नयागांव की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। अवैध परिवहन, भण्डारण, उत्खनन में संलिप्ता वाहनों का पंजीयन क्र.ट्राला आर.जे.09 जी.डी.8931 रेत, टैक्टमर महेन्द्रा 475 डी.आई.एक्सज.पी. फर्शीपत्थ र, टैक्टरर महेन्द्रा 275 डी.आई.एक्स .पी. फर्शीपत्थवर, टैक्टनर एम.पी 44 बी.सी. 1915 रेत एवं ट्रैक्टर स्वराज 735 एफ.ई. रेत शामिल है।

## आम आदमी पार्टी की बैठक आज

**मंदसौर, 05 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश प्रभारी श्री जितेंद्रसिंह तोमर के निर्देशानुसार पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक 06 जुलाई दोपहर 01:30 बजे जिला चिकित्सालय के सामने जिला कार्यालय पर रखी गई है। इस बैठक का उद्देश्य मध्यप्रदेश में आम आदमी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करना है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष यशवंत धाकड़ ने नागरिकों से आग्रह किया है कि आम आदमी पार्टी की विचारधारा से जुड़ने के लिए सभी बैठक में आमंत्रित है।

# कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला मंदसौर (म.प्र.)

Email-id: deo.mpedmns@mp.gov.in, Phone/Fax No.-07422-235538

जा.क्रं.-1742 दिनांक-03.07.2025

## ✻ प्रवर्तन कार्य हेतु वाहन किराये पर लेने संबंधी विज्ञप्ति ✻

आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर के पत्र क्रमांक/9-लेखा/बजट /2025-26/ई-415972/13 ग्वालियर दिनांक 30.06.2025 के पालन में सर्वसाधारण एवं टेक्सी परमिट धारिता वाले वाहन स्वामी/ट्रेवल्स एजेंसी स्वामी की विशेष जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है कि आबकारी अपराध नियंत्रण एवं प्रवर्तन कार्य हेतु वर्ष 2025-26 की शेष अवधि हेतु (इस कार्यालय के स्वीकृति आदेश दिनांक से 31 मार्च 2026 तक) कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला मंदसौर के लिए 05 (पांच) चार पहियां बोलेरों/स्कार्पियों/समकक्ष हल्के वाहनों की आवश्यकता है। मुख्य शर्ते निम्नानुसार है-

1. क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में टेक्सी कोटे में रजिस्टर्ड वाहन ही किराये पर लिये जायेंगे। 2 वाहन का पंजीयन माह जुलाई 2022 के पूर्व का मान्य नहीं होगा। वाहन की गुणवत्ता, भौतिक स्थिति, वाहन के नवीनतम मॉडल को प्राथमिकता दी जावेगी।

3. वाहन टैक्सी कोटे में पास होना अनिवार्य है। 4 वाहन के इंधन/ड्रायवर/मेंटेनेंस संबंधी व्यय एवं सभी प्रकार के देय टेक्स वाहन स्वामी द्वारा वहन किये जायेंगे तथा वाहन 24 घण्टे के लिए उपलब्ध कराना होगा। यदि वाहन मरम्मत कार्य अथवा अन्य किसी कारण से उपलब्ध नहीं हो पाता है तो वाहन स्वामी को वैकल्पिक वाहन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। 5 वाहन को वेरिएबल एवं फिक्सड चार्ज के आधार पर अनुबंधित किया जावेगा। वाहन को प्रतिमाह 1000 किलोमीटर के लिये टेण्डर में प्राप्त फिक्सड चार्ज पर एवं 1000 से अधिक किलोमीटर हेतु टेण्डर में प्राप्त वेरिवेएबल चार्ज के आधार पर भुगतान किया जावेगा। 6. वाहन मालिक को शासन द्वारा निर्धारित मासिक किराया 2500 कि. मी. तक अधिकतम कुल राशि 42000/-अक्षरी बयालीस हजार रूपये मात्र) रूपये का भुगतान किया जावेगा। 7. वाहन स्वामी को स्वयं का आयकर पेन नंबर भी प्रस्तुत करना होगा एवं आयकर अधिनियम की धारा 194 सी अनुसार किराया भुगतान राशि पर टी.डी.एस. एवं सी.जी.एस.टी/एस.जी.एस.टी का शासन नियमानुसार कटौत्रा किया जावेगा। 8. विभाग द्वारा अनुबंधित शर्तो की लिखित स्वीकृति 1000/- रूपये के स्टॉम्प पेपर पर देने के उपरांत ही बाहन किराये पर लिया जा सकेगा। इस अनुबंध की अवधि स्वीकृति आदेश दिनांक से 31 मार्च 2026 तक के लिये रहेगी। आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर द्वारा निर्देश जारी होने पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति से उपरोक्त शर्तो एवं निर्वधनों के अधीन इस अवधि को बढाया जा सकेगा। 9. वाहन किराये पर लेने संबंधी अन्य शर्तो की जानकारी एवं विवरण अवकाश दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला-आबकारी अधिकारी, जिला-मंदसौर से प्राप्त की जा सकती है। 10. आबकारी आयुक्त द्वारा किराये पर लिये गये वाहनों के मासिक किराया राशि में परिवर्तन एवं संशोधन होने पर संशोधित राशि मान्य होगी। 11. वैध ड्रायविंग लायसेंस धारिता वाले एवं सद्व्यवहार आचरण वाले व्यक्ति को ही अनुबंधित वाहन चालन हेतु रखना होगा। 12. निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर न्यूनतम निविदा राशि वाले वाहन स्वामी का वाहन उपरोक्त अवधि हेतु अनुबंधित किया जावेगा। 13. सफल निविदादाता को निविदा स्वीकृति के 05 दिवस की अवधि में जिला आबकारी अधिकारी जिला मंदसौर के पक्ष में जारी राशि रूपये 5000/- की सुरक्षा राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट / एफ.डी./ एन.एस.सी. में कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। सुरक्षा राशि जमा नहीं किए जाने की स्थिति में वाहन का किराया राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा एवं निविदा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जावेगी। 14. सफल निविदादाता को वाहन के बीमे की प्रति, वाहन फिटनेस, परमिट की प्रति, वाहन चालक का वैध ड्रायविंग लायसेंस राशि रूपये 1000/- के स्टॉम्प पर अनुबंध एवं अन्य वांछित दस्तावेज़ 05 दिवस में कार्यालय में प्रस्तुत करना होंगे। 15. सफल निविदादाता को स्वीकृति आदेश दिनांक से वाहन कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा। अन्यथा बिना किसी सूचना के निविदा निरस्त कर दी जावेगी। 16. वाहनस्वामी यदि साझा फर्म है तो पार्टनरशीप डीड संलग्न करना होगी। 17. वाहन अनुबंधित करने संबंधी समस्त अधिकार जिला आबकारी अधिकारी, जिला मंदसौर के रहेंगे। जिसे किसी भी स्तर पर चुनौती नहीं दी जा सकेगी। 18. माइलोमीटर की रीडिंग वाहन के आने के समय से वापसी देते समय तक के बीच की दूरी हेतु रहेगी। 19. वाहन चालक के परिवर्तन की स्थिति में या अन्य कोई घटना घटित होने पर एजेंसी वाहन / स्वामी द्वारा सूचना नियंत्रण अधिकारी को तत्काल दी जाकर नई व्यवस्था शीघ्र की जानी होगी। 20. रोड टैक्स वाहन स्वामी द्वारा किया जाना / अन्य स्थानीय कर आदि का वहन एजेंसी / चाहिये। इसी प्रकार बीमा एवं दुर्घटना आदि होने पर क्षतिपूर्ति का दायित्व एजेंसी वाहन/ स्वामी का होगा। 21. एजेंसी प्रीमियम की राशि स्वयं वहन वाहन स्वामी द्वारा वाहन के बीमा की पॉलिसी करना होगी। इसके लिये किसी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा। 22. वाहन के किराये का भुगतान जिला आबकारी अधिकारी द्वारा (नियंत्रण अधिकारी) प्रमाणित मासिक देयक के आधार पर आगामी माह में किया जायेगा इस हेतु पृथक से कोई अग्रिम देय नहीं होगा। 23. एजेंसी / बाहन स्वामी पर यदि किसी प्रकार का अन्य कर/टैक्स देय होता है, तो उसका भुगतान नियमानुसार किराये की देय राशि से कटोत्रा कर किया जावेगा। 24. यदि किसी एजेंसी / वाहन स्वामी का कार्य संतोषप्रद नहीं पाया जाता है या भविष्य में वाहन की आवश्यकता न होने पर उसकी निविदा समाप्त कर दी जायेगी। 25. वाहन (वाहन अधिग्रहण) अवधि में एजेंसी / वाहन स्वामी तथा जिला आबकारी अधिकारी (नियंत्रण अधिकारी) के मध्य उत्पन्न किसी विवाद का निराकरण जिला आबकारी अधिकारी के मामले में संभागीय उपायुक्त, उज्जैन द्वारा किया जायेगा। इस हेतु प्रकरण निराकरण हेतु संबंधित उपायुक्त आबकारी को भेजा जायेगा तथा उनका निर्णय अंतिम होगा। 26. निविदा प्रपत्र रूपये 500/ - (पांच सौ) का चालान ऑनलाईन सायबर ट्रेजरी चालान के माध्यम से मुख्य शीर्ष 0039- राज्य उत्पाद शुल्क उपशीर्ष-800 अन्य प्राप्तियां 0761-विविध प्राप्तियां में जमा कर चालान प्रति कार्यालय में प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

**निविदा के साथ आवेदक को निम्नानुसार दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे:-**

1. आवेदक का पेन कार्ड/आधार कार्ड/बैंक पासबूक की प्रति। 2 निर्धारित प्रारूप में शपथ-पत्र। 3. वाहन के रजिस्ट्रेशन की प्रति। 4 नया वाहन होने की दशा में वाहन का कोटेशन /बिल प्रस्तुत करना होगा। 5. अन्य वांछित दस्तावेज।

अत: इच्छुक बाहन स्वामी / ट्रेवल एजेन्सी स्वामी उपरोक्त शर्तो एवं मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशों के पालन में वाहन किराये पर देने हेतु इच्छुक है तो दिनांक 11.07.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक टेण्डर क्रय कर अनिवार्य रूप से कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला मंदसौर में 02.30 बजे तक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करें। प्राप्त टॅण्डर्स यथा संभव दिनांक 11.07.2025 को सायं 03.00 बजे समिति द्वारा खोले जायेंगे। निविदादाताओं की अनुपस्थिति, निविदा खोलने में बाधक नहीं होगी।

बी.एल. दांगी
जिला आबकारी अधिकारी, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

G-15191/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

# A JAY SENDHAV A DVO C AT E

Office: 12, Chamunda Complex, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001 Email: as71708@gmail.com Mob. No.- 97534-41943
Residence: 613, LIG III Mukharji Nagar, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001 Mob. No. 93000-30939

## ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती कलाबाई अहिरवार पति श्री उदयराम, निवासी- ग्राम सेजपुरिया, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर (म.प्र.) के द्वारा उनके मालिकी, आधिपत्य एवं कब्जे की सम्पत्ति जो की मकान/भूखंड क्रमांक. 14, सर्वे क्रमांक 288, ग्राम सेजपुरिया, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर (म.प्र.), प.ह. न. 86, जिसका कुल क्षेत्रफल - 2270.36 Sq. Ft. (211 Sq. Mtr.) है वह अपने पुत्र श्री जीवन लाल पिता श्री उदयराम, निवासी - ग्राम सेजपुरिया, तहसील मंदसौर, जिला मंदसौर (म.प्र.) को दान करके स्वामी बनाया गया है, जिसका ई-पंजीयन दस्तावेज (E-REGISTERED GIFT DEED) क्रमांक- MP15IGR17852025A100370286, दिनांक - 26.05.2025 है, तथा उक्त संपत्ति को मॉर्गेज (MORTGAGE) किया जा रहा है व उस पर (INDIA SHELTER FINANCE CORPORATION LIMITED) से लोन लिया जा रहा है।

यह की उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार या आपत्ति हो तो उक्त जाहीर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करे, उपरोक्त अवधि के पश्चात किसी भी उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित हो।

देवास
दिनांक : 04.07.2025

अजय सेंधव, एडवोकेट
12, चामुण्डा काम्पलेक्स, देवास (म.प्र.)

# कार्यालय- दीपक सैनी एड०होकेट

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 05.07.2025

## ✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मांगीलाल पिता फकीरचंद्र जाति-कुमावत निवासी ग्राम खजुरी चन्द्रावत तहसील सीतामऊजिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान जो भूमि सर्वेक्षण संख्यांक 402 (बी), भूखण्ड क्रमांक 105 (पी) ग्राम खजुरी चन्द्रावत गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 00002, तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर में स्थित है, जिसका सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक-MP15IGR17852025 A100540212 दिनांक 30.06.2025 से पत्नि श्रीमती प्रभुबाई पति मांगीलाल जाति-कुमावत निवासी ग्राम खजुरी चन्द्रावत तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर को अपना सहस्वामी बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा- पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-पन्नालाल पिता वरदा का मकान (प्लाट न. 106) व अशोक पिता नंदा का प्लाट (प्लाट न. 104), उत्तर में- राम मंदिर (प्लाट न. 95), दक्षिण में-पन्नालाल पिता वरदा का मकान (प्लाट न. 106) कुल क्षेत्रफल 109 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर मांगीलाल पिता फकीरचन्द्र कुमावत द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का उक्त संपत्ति भार, बोझ आदि पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

# कार्यालय- दीपक सैनी एड०होकेट

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 05.07.2025

## ✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रामेश्वर पिता रामसुख जाति-धाकड़ निवासी ग्राम बड़वन तहसील व जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान जो भूमि सर्वेक्षण संख्यांक 971 (बी), भूखण्ड क्रमांक 618 (पी) ग्राम बड़वन गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 00113, तहसील व जिला मंदसौर में स्थित है, जिसका सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक-MP15IGR17852025A100531737 दिनांक 27.06.2025 से पत्नि श्रीमती पार्वतीबाई पति रामेश्वर जाति धाकड, निवासी ग्राम बड़वन तहसील व जिला मंदसौर को अपना सहस्वामी बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा-पूर्व में-मांगीलाल मालवीय का मकान प्लाट न. 620, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में-शिवनारायण पिता भेरूलाल धाकड़ का मकान प्लाट न. 612, दक्षिण में -स्वयं की भूमि के बाद प्लाट न. 630, कुल क्षेत्रफल 317 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर रामेश्वर पिता रामसुख द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सुचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in